‘मुख्यमंत्री गैस सलिंडर’ योजना के लिये 750 करोड़ रुपए का प्रावधान

चर्चा में क्यों?

1 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ‘मुख्यमंत्री गैस सलिंडर योजना’के तहत 750 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंज़ूरी दी है, जिससे प्रदेश के बीपीएल एवं उज्ज्वला योजना में शामिल परिवारों को अब 500 रुपए में गैस सलिंडर मिलेगा।

प्रमुख बिंदु

- ‘मुख्यमंत्री गैस सलिंडर योजना’के तहत पात्र लाभार्थियों को 1 अप्रैल, 2023 से सस्ती दर पर प्रतिमाह एक सलिंडर मिल सकेगा। इससे राज्य के 73 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे।
- इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा ‘उज्ज्वला योजना’ के कनेक्शनधारी परिवारों को प्रति गैस सलिंडर 410 रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं, बीपीएल गैस कनेक्शनधारकों को प्रति गैस सलिंडर 610 रुपए की सब्सिडी देय होगी।
- इसके अंतर्गत लाभार्थी द्वारा स्वयं सलिंडर खरीदे जाने पर उसके जनआधार से लिंक खाते में सब्सिडी की राशि हस्तांतरित की जाएगी। एक अप्रैल, 2023 के बाद रजिस्ट्रेशन करवाने वाले लाभार्थियों को भी इस योजना का लाभ देय होगा।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट 2023-24 में बीपीएल एवं उज्ज्वला योजना में शामिल परिवारों को 500 रुपए में सलिंडर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी।
- मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से बड़ी संख्या में प्रदेशवासियों को महंगाई से राहत मिलेगी तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/provision-of-rs-750-crore-for-mukhya-mantri-gas-cylinder-scheme